उद्देश्य (Purpose)

हम यह विश्वास करते हैं कि विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच स्वछंद विचारों के आदान प्रदान से सभी को लाभ प्राप्त होता है विशेषकर मसीहियों के लिए यह लाभदायक है ।

हमारा उद्देश्य है कि हम हिन्दू धर्म से संबंधित सूचना सामग्री बहुतायत से प्रदान करें जो मसीहियों □ा धर्म दृष्टिकोण प्रदर्शित करे और वायुबल में वर्णित मसीही विश्वास को प्रकट करे ।

हम चाहते हैं कि जो लोग आत्मिक रूप से खुले विचारों के है वे हिन्दू धर्म और बाइबल में वर्णित विचारों को पढें और उन पर विचार करें तथा उनकी एक दूसरे से तुलना कर सकें ।

हमारा उद्देश्य है कि हम उन लोगों के लिए विचारों का आदान-प्रदान आरम्भ करें जो हिन्दू और मसीही धर्म के विषय में जानकारी नहीं रखते ।

इस साइट का उद्देश्य यह नहीं कि वार्तालाप को आत्मिक स्तर पर ले जाकर हिन्दुओं को मसीही बना दिया जाए ।

इसका उद्देश्य यह है कि मसीही विचारों को हिन्दुओं और खोजियों के सामने रखा जाए और हिन्दु विचारों को मसीहियों के सामने ताकि हिन्दू धर्म और मसीही धर्म को अच्छी तरह समझने की उनकी इच्छा जागृत हो जाए । दूसरे धर्म या विश्व-दृष्टि को समझ-ने □ा मूल्य दूसरी भाषा □ो सी□ा-ने □ मूल्य □ बराबर है । हम न केवल संसार को एक भिन्न व्याकरण और शब्दकोष से समझते हैं परन्तु स्वयं अपनी भाषा को बेहतर रूप से ससमझ ाने लगते हैं । इस लिए हम विश्वास करते हैं कि यहां पर जो भी पढ़ने और सी□ा-ने □ लिए आएगा वह लाभ प्राप्त करेगा ।

यह वेब-साइट उन लोगों के लिए जो सचमुच में रूचि रखते हैं, उनके लिए हिन्दू विश्वास और विचारों के विषय सही संवाद बनाए रखने के लिए बनाई गई है । हमारा उद्देश्य है कि हम उत्तम प्रकार के लेखों और विषयों को यहां प्रकाशित करें । हम चाहते हैं कि इन विचारों को बिना लोगों को भड़काए यहां प्रस्तुत करें । हम केवल उन्हीं लेखों को यहां प्रकाशित करते हैं जो उन मसीहियों के द्वारा लिखे गए हैं जो हिन्दू धर्म को भली प्रकार

जानते हैं और उस के विषय में लिखने के योग्य हैं । हम ऐसे लेखों में भी रूचि रखते हैं जो हिन्दुओं के द्वारा लिखे गए हैं और जो अपने विचारों और मसीही विचारों को सही रूप से प्रकट कर सकें । हम ऐसे लेखों को प्रकाशित करना चाहते हैं जो बुद्धिमता को प्रदर्शित करते हों और उस व्यक्ति के लिए रूचिपूर्ण हों जो आत्मिकता का खोजी है ।